# पाठ- 3 मुल्ला  का लगान

## प्रस्तावना ,आदर्श पठन




**CLASS: V**
**SESSION NO : 4**
**SUBJECT : HINDI**
**CHAPTER NUMBER: 3**
**TOPIC: मुल्ला  का लगान**
**SUB TOPIC: प्रस्तावना ,आदर्श पठन**


CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org

Toll Free: **1800 120 2316**
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# शिक्षण उद्देश्य

बुद्धि तथा सूझ बूझ का प्रयोग करने की प्रेरणा देना ।








ODM PUBLIC SCHOOL

# चिंतन-मनन

## बुद्धिमानी से शक्तिशाली और बड़े से बड़े व्यक्ति को भी हराया जा सकता है। ठग और धूर्त कभी मत बनो ।

एक बार बादशाह ने मंत्री जी से राज्य का हिसाब किताब माँगा । मंत्री जी ने तुरंत मौलाना साहब को बुलवा भेजा। हिसाब देखकर बादशाह कुछ नाराज़ हुए, क्योंकि आज तक मौलाना साहब ने कभी भी मुल्ला नसीरुद्दीन की फ़सल का लगान वसूल नहीं किया था। पूछने पर मौलाना ने जवाब दिया कि जब भी मुल्ला से लगान माँगा जाता है, उसके पास देने के लिए मोहरें नहीं होतीं। बादशाह ने हुक्म दिया–"जाओ, जो भी फ़सल तैयार हो, उसका आधा भाग ले आओ।"

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE


ODM
PUBLIC SCHOOL

जब मुल्ला तक यह खबर पहुँची तो उसने सोचा कि मेहनत मैं करूँ और फ़सल का आधा भाग मौलाना ले ले- यह कहाँ का न्याय है?
थोड़े ही दिनों में मुल्ला की फ़सल तैयार हो गई, तो मौलाना मुल्ला के पास पहुँचे।
मुल्ला ने मौलाना से कहा- "बताओ, तुम फ़सल का कौन-सा आधा भाग लेना चाहते हो? ज़मीन के ऊपर का भाग या ज़मीन के नीचे का भाग?"
मौलाना ज़रूरत से ज़्यादा समझदार था, इसलिए तुरंत बोला-
“ज़मीन के ऊपर का भाग।'
“तो ठीक है। बादशाह से लिखित आदेश ले आओ।"

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE


ODM
PUBLIC SCHOOL

मौलाना ने बादशाह से लिखित आदेश लिखवा लिया, जिसमें साफ़-साफ़ शब्दों में लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के ऊपर का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

उस साल मुल्ला ने खेत में प्याज़ बोई थी । प्याज़ ज़मीन के अंदर होती है, इसलिए मौलाना को कुछ भी नहीं मिला।

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE


ODM
PUBLIC SCHOOL

अगले साल मौलाना ने फिर से बादशाह के कान भरे और लिखित आदेश ले लिया, जिसमें यह लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के नीचे का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

इस बार मुल्ला ने खेत में गेहूँ बोए थे। गेहूँ तो ज़मीन के ऊपर होते हैं, इसलिए इस बार भी मौलाना हाथ मलकर रह गया।

ODM
PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE





ODM PUBLIC SCHOOL

# क्रियाकलाप



ज़मीन के नीचे

ज़मीन के नीचे





ज़मीन के ऊपर

ज़मीन के ऊपर





ज़मीन के ऊपर

ज़मीन के ऊपर





ज़मीन के नीचे

ज़मीन के नीचे



ODM PUBLIC SCHOOL

# शिक्षण प्रतिफल

अपनी बुद्धि का उपयोग करते हुए धूर्त लोगों से स्वयं को बचाना |

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP